

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री
आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# “ मिला पक्का मकान, बढ़ा मान-सम्मान ”






मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शंकोसाई रोड नंबर 5-बी की निवासी असाई सुरीन, पति स्व. सनातन सुरीन एक अत्यंत गरीब परिवार की महिला हैं। आज से लगभग 20 वर्ष पूर्व उनके पति की आकस्मिक मृत्यु बीमारी से हो गई। उस समय उनके पास अपने पति की बनाई हुई झोपड़ी के अलावा कुछ भी नहीं था। वह मजदूरी कर अपने चार बच्चों व बुढ़ी सास का भरण-पोषण करते हुए किसी तरह उसी झोपड़ी में गुजारा कर रही थी। हालांकि इसमें रहने में उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ऐसे ही संकटपूर्ण समय में आज से लगभग तीन साल पहले उन्हें प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उनके नगर निगम कार्यालय में जाने के बाद निगम के अधिकारियों ने खुद उनका आवेदन पत्र भरकर जमा किया। आवास स्वीकृति के उपरान्त देखते ही देखते बहुत कम समय में उनका पक्के का मकान बनकर तैयार हो गया। इस मकान में आज वह अपने पूरे परिवार समेत पूरे मान-सम्मान के साथ शांति व सुकून से रह रही हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार तथा नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**